# लघु फिल्म 'पताल-ती'

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड की भोटिया जनजाति पर केंद्रित लघु फिल्म 'पताल-ती'का चयन दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में आयोजित होने वाले 39वें इंटरनेशनल शार्ट फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शन के लिये किया गया है।

## प्रमुख बिंदु

- बुसान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित की जाने वाली इस फिल्म का निर्माण-निर्देशन रुद्रप्रयाग ज़िले के संतोष रावत द्वारा किया गया है।
- फेस्टिवल के लिये चयनित कुल 40 फिल्मों में इस फिल्म को 14वां स्थान मिला है। बुसान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित की जाने वाली इन फिल्मों में से चार सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को ऑस्कर समेत विभिन्न विश्वस्तरीय पुरस्कारों के लिये भेजा जाएगा।
- यह फिल्म भोटिया जनजाति के एक ऐसे किशोर की कहानी पर आधारित है, जो अपने मरणासन्न दादा की आखिरी इच्छा पूरी करने के लिये भूत और भौतिक के बीच की दूरी को नापता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/short-film-patal-ti